तापमान
अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, बुधवार 28 अक्टूबर 2026

09 स्मृति ईरानी से दीपक और उमाशंकर ने की सौजन्य भेंट



10 करवा चौथ 29 को, सुहागिनें रखेंगी व्रत



खबर संक्षेप

कोसमबुड़ा में राज्य स्तरीय क्लेट क्रैश कोर्स का शुभारंभ



छुरा। आदिम जाति कल्याण विभाग और समाजसेवी संस्था 'भारत नवोदय अभियान' के संयुक्त तत्वावधान में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कोसमबुड़ा गरियाबंद को क्लेट (कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट) क्रैश कोर्स का विशेष प्रशिक्षण केंद्र बनाया गया है। 27 अक्टूबर से शुरू हुआ यह सात सप्ताह का आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 5 दिसंबर तक संचालित होगा। इसका मुख्य उद्देश्य प्रदेश के एकलव्य विद्यालयों के अनुसूचित जनजाति वर्ग के 40 मेधावी विद्यार्थियों को देश के शीर्ष राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों में प्रवेश हेतु निःशुल्क एवं उच्चस्तरीय तैयारी कराना है। इस आवासीय प्रशिक्षण का समन्वय शिशु रंजन द्वारा किया जा रहा है, जबकि विषय विशेषज्ञों के रूप में बॉम्बे हाईकोर्ट के अधिवक्ता अनुराग मिश्रा और हरूषा जयराज विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दे रहे हैं। शुभारंभ अवसर पर प्राचार्य डॉ. कमलाकांत यादव ने विद्यार्थियों को क्लेट के परीक्षा-स्वरूप और पांच वर्षीय एकीकृत विधि पाठ्यक्रमों की जानकारी दी। वहीं, समिति के आयुक्त डी. वेंकट राहुल ने संदेश प्रेषित कर कहा कि उचित मार्गदर्शन मिलने पर जनजातीय विद्यार्थी हर क्षेत्र में सफलता हासिल कर सकते हैं।

खड़गे देश व पीएम से सार्वजनिक रूप से माफी मांगें: नंदनी नेताम

मैनपुर। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वर्गीय पिता को लेकर की गई अमर्यादित टिप्पणी पर भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री श्रीमति नंदनी नेताम ने कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने



कहा कि राजनीतिक हताशा और बौखलाहट में कांग्रेस अब भारतीय संस्कारों, मर्यादाओं और सार्वजनिक जीवन के शिष्टाचार की सभी सीमाएं लांघ चुकी है। भाजपा नेत्री नंदनी नेताम ने कहा कि राजनीतिक द्वेष और प्रधानमंत्री जी के प्रति नफरत में अंधी हो चुकी कांग्रेस अब इतने निचले स्तर पर उतर आई है कि उनके दिवंगत पिता को भी निशाना बना रही है। यह टिप्पणी कांग्रेस की गिरती सोच, ओछी राजनीति और वैचारिक कंगाली को पूरी तरह उजागर करती है। श्रीमती नेताम ने कहा भारतीय संस्कृति में दिवंगत आत्माओं का सम्मान करना हमारी परंपरा रही है, लेकिन कांग्रेस ने सत्ता पाने की छटपटाहट में अपने संस्कार खो दिए हैं। जब-जब कांग्रेस ने प्रधानमंत्री जी या उनके परिवार के प्रति ऐसी घृणित और अभद्र भाषा का प्रयोग किया है, देश की जनता और नारी शक्ति ने उसे करारा जवाब दिया है।

कार की टक्कर से सायकल सवार घायल

महासमुंद। एनएच 53 में ग्राम पौंसरा क्रासिंग के पास कार की टक्कर से सायकल सवार व्यक्ति घायल हो गया। 27 अक्टूबर कोग्राम पौंसरा का मकरध्वज प्रधान सुबह अपने सायकल से अपने खेत जा रहा था। करीबन 08.25 बजे एनएच53 रोड ग्राम पौंसरा क्रासिंग के पास रोड क्रास करने के दौरान सरायपाली की ओर से आ रही ईनोवा कार क्रमांक सीजी 13 सी 7877 के चालक थोमस मिरी ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पुर्वक चलाकर मकरध्वज प्रधान को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे उसके दोनों पैर, शरीर के दूसरे जगहों पर चोट आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है।

गुलाबी ठंड की दस्तक, सैर व योग-प्राणायाम से कर रहे दिन की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

परसूली, बरबाहरा, कसेरू, कोसमी अंचल में बदलने लगा मौसम का मिजाज

मौसम के बदलते मिजाज के साथ ग्रामीण अंचलों में गुलाबी ठंड ने दस्तक दे दी है। सुबह की हल्की ठंडक, ठंडी हवाओं और कोहरे के बीच अब युवा सेहत के प्रति जागरूक नजर आने लगे हैं। परसूली, बरबाहरा, कसेरू, कोसमी सहित आसपास के क्षेत्रों में सुबह होते ही युवाओं की टोलियां सैर पर निकल रही हैं। कोई पैदल चलकर दिन की शुरुआत कर रहा है, तो कोई योग और प्राणायाम के जरिए खुद को स्वस्थ रखने में जुटा है। दूसरी ओर, दोपहर में तेज धूप और रात होते ही ठंड का अहसास मौसम में आए बदलाव को बयां कर रहा है।

■ दोपहर में तेज धूप, सुबह-शाम ठंड का अहसास;

अच्छी बारिश के बाद ठंड बढ़ने की उम्मीद

इस वर्ष क्षेत्र में अच्छी बारिश होने के बाद अब मौसम में धीरे-धीरे ठंडक बढ़ने लगी है। सुबह और रात में ठंड का अहसास होने लगा है, जबकि दोपहर में धूप की तपिश बनी हुई है। मौसम के इस बदलाव के साथ आने वाले दिनों में ठंड बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। सुबह की सैर पर निकलने वाले लोग बदलते मौसम के बीच अपनी दिनचर्या में व्यायाम को प्राथमिकता दे रहे हैं।



सुबह की सैर बनी दिनचर्या का हिस्सा

अंचल में इन दिनों सुबह का वातावरण काफी सुहावना हो गया है। ठंडक के बीच सुबह की सैर करने वालों की सक्रियता बढ़ने लगी है। कई युवा अपने दोस्तों के साथ तड़के घर से निकलकर पैदल सैर करते हैं और इसके बाद योग व प्राणायाम करते हैं। सुबह की ताजी हवा के बीच व्यायाम करने से उन्हें दिनभर स्फूर्ति और ताजगी महसूस होती है। वहीं, ठंड से बचने के लिए लोग शाल, स्वेटर और जैकेट का उपयोग भी करने लगे हैं।

योग को दिनचर्या में करें शामिल- सुबह की सैर करने वाले युवा विमल यादव ने बताया कि वह हर वर्ष अपने दोस्तों के साथ सुबह पांच बजे सैर पर निकलते हैं। इस दौरान बच्चे भी उनके साथ रहते हैं। सैर के बाद सभी योग और प्राणायाम करते हैं तथा लगभग सात बजे घर लौटकर अपने-अपने काम में जुट जाते हैं। उन्होंने कहा कि सुबह की सैर और योग करने से दिनभर ताजगी महसूस होती है और काम करने में भी अच्छा लगता है। विमल यादव ने युवाओं से अपील की कि वे स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं और योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। नियमित सैर, योग और प्राणायाम के लिए सुबह का समय निकालना शरीर को सक्रिय रखने की अच्छी आदत है।

मनमानी : पुरानी शाला विकास समितियां भंग करने का जारी हुआ है आदेश

आदेशों को ठेंगा दिखा रहे अफसर, पुरानी समितियों के सहारे चल रहा खेल; कांग्रेस बोली- अब बर्दाश्त नहीं!

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

पुरानी समितियों के स्थान पर नई व्यवस्था का प्रावधान

छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय विद्यालयों की पुरानी शाला विकास समितियों को समाप्त कर कक्षा पहली से बारहवीं तक एक ही विद्यालय प्रबंधन समिति गठित करने के निर्देश जारी किए जाने के बावजूद जिले में इसके पालन को लेकर सवाल उठ रहे हैं। जिला कांग्रेस कमेटी ने जिले के अनेक विद्यालयों में पुरानी समितियों के संचालन की शिकायत करते हुए उनके गठन और वैधानिक स्थिति की जांच कराने की मांग की है। 26 अक्टूबर को जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप समितियों का पुनर्गठन सुनिश्चित करने और विद्यार्थियों के अभिभावकों की भागीदारी बढ़ाने की मांग की।

■ जिला कांग्रेस अध्यक्ष बेसरा ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव कमलप्रीत सिंह द्वारा जारी आदेश के अनुसार, हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों की पुरानी शाला विकास समितियों को समाप्त कर कक्षा पहली से बारहवीं तक के लिए एक ही विद्यालय प्रबंधन समिति गठित करने की व्यवस्था की गई है। इस बदलाव का उद्देश्य विद्यालयों के संचालन में एकरूपता लाने, अभिभावकों की भागीदारी बढ़ाने और स्कूलों के विकास कार्यों को अधिक प्रभावी बनाना है।
नई व्यवस्था में विद्यार्थियों के पालकों की भागीदारी को महत्व दिया गया है। समिति के गठन में बच्चों के कुल नामांकन के आधार पर सदस्यों की संख्या निर्धारित करने का प्रावधान बताया गया है। इसके तहत 100 तक विद्यार्थियों वाले विद्यालयों में 12 से 15, 500 तक विद्यार्थियों वाले विद्यालयों में 15 से 20 तथा इससे अधिक नामांकन वाले विद्यालयों में 20 से 25 सदस्यों की समिति गठित की जाएगी। समिति में 50 प्रतिशत महिला सदस्यों की भागीदारी अनिवार्य रखने का भी प्रावधान है।

एक लाख रुपये तक के कार्य करा सकेगी समिति- नई व्यवस्था में विद्यालयों की बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए समिति को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दिए जाने का प्रावधान है। इसके तहत शौचालय निर्माण, बिजली, पेयजल, दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए रैंप और छोटी-मोटी मरम्मत जैसे एक लाख रुपये तक के कार्य समिति स्वयं करा सकेगी। इन कार्यों के लिए अन्य एजेंसियों पर निर्भरता कम करने और स्थानीय स्तर पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया है। निर्माण एवं मरम्मत कार्यों में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अथवा कौशल विकास प्राधिकरण से प्रशिक्षित स्थानीय राजमिस्त्री, प्लंबर और बिजली मिस्त्रियों को प्राथमिकता देने का प्रावधान भी बताया गया है। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ने के साथ विद्यालयों की आवश्यकताओं के अनुरूप कार्य कराने में मदद मिल सकती है। वहीं, कार्यों में अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई का प्रावधान भी महत्वपूर्ण है।

शासन के आदेश के पालन की जांच कराने की मांग- जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि जिले के अनेक शासकीय विद्यालयों में समितियां अब भी पुराने स्वरूप में संचालित होने की शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने मांग की है कि जिले के सभी शासकीय विद्यालयों में गठित समितियों के अभिलेखों की जांच कर यह सुनिश्चित किया जाए कि उनका गठन शासन के लागू दिशा-निर्देशों के अनुरूप हुआ है या नहीं।

ज्ञापन में जिन विद्यालयों में समिति गठन की प्रक्रिया निर्धारित नियमों के अनुरूप नहीं हुई है, वहां नियमानुसार कार्रवाई कर नई विद्यालय प्रबंधन समितियों के गठन की मांग की गई है। कांग्रेस ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी करने तथा पुनर्गठन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद विद्यालयवार जानकारी सार्वजनिक करने का भी आग्रह किया है।

पंचायत उप निर्वाचन की तैयारियां तेज

गरियाबंद। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों के उप निर्वाचन, 2026 के लिए निर्वाचक नामावली तैयार करने संबंधी जारी कार्यक्रम के अनुसार जिले की त्रिस्तरीय पंचायतों में रिक्त पदों के उप निर्वाचन के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 23 अक्टूबर 2026 को निर्धारित स्थानों पर किया जा चुका है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषा ठाकुर ने बताया कि विकासखंड गरियाबंद के ग्राम पंचायत हरदी, पोटिया, छिंदौला, मरदाकला एवं धवलपुरडीह, विकासखंड छुरा के ग्राम पंचायत करकरा, कुरूद, खरखरा एवं बोडराबांधा, विकासखंड फिंगेश्वर के ग्राम पंचायत कुम्ही, बरभांठा एवं अरण, विकासखंड मैनपुर के ग्राम पंचायत सगड़ा, काण्डेकेला, तौरेंगा, मैनपुरखुर्द, कुल्हाड़ीघाट, जांगड़ा, सरईपानी एवं कुहीमाल तथा विकासखंड देवभोग के ग्राम पंचायत कुम्हड़ईकला एवं कोसमकानी में निर्वाचक नामावली का प्रकाशन किया गया है। छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम, 1995 के नियम 10 के तहत प्रकाशित फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के संबंध में 23 अक्टूबर 2026 से दावा एवं आपत्तियां प्राप्त की जा रही हैं। दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर को दोपहर 3:00 बजे तक निर्धारित की गई है।

विधायक रोहित करेंगे दो सड़क चौड़ीकरण कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

राजिम विधानसभा क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। विधायक रोहित साहू आज दो महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं का भूमिपूजन कर कार्यों का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम सुबह 11 बजे चौबेबांधा चौक में आयोजित होगा, जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। पहली परियोजना के तहत राजिम साईं मंदिर से नवीन मेला मैदान होते हुए चौबेबांधा-नवागांव पुल तक 3.30 किलोमीटर लंबी सड़क का 9 करोड़ रुपये की लागत से चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण किया जाएगा। वहीं, दूसरी परियोजना में चौबेबांधा से सिंधौरी होते हुए नेशनल हाईवे 130 सी के मुख्य मार्ग तक 3.60 किलोमीटर सड़क का 4 करोड़ 65 लाख रुपये की लागत से उन्नयन किया जाएगा। इन परियोजनाओं के पूरा होने से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। विशेष रूप से नवीन मेला मैदान में मेला एवं अन्य बड़े आयोजनों के दौरान लगने वाले जाम से राहत मिलने की उम्मीद है। सड़कें चौड़ी होने से यातायात व्यवस्था बेहतर होगी तथा आसपास के गांवों के लोगों को भी सुरक्षित और सुगम आवागमन का लाभ मिलेगा।राजिम विधानसभा में सड़क संपर्क को बेहतर बनाने के साथ ही विकास कार्यों को गति दी जा रही है। इन दोनों परियोजनाओं के माध्यम से क्षेत्र की यातायात व्यवस्था सुदृढ़ होगी और आम नागरिकों को आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल होगी।

■ राजिम विधानसभा में सड़क विकास को मिलेगी नई रफ्तार

राशन लेने में फिंगरप्रिंट मैच न होने पर, दूसरे आप्शन भी

रसेला। राशन दुकान पर फिंगरप्रिंट का मिलान नहीं होने से परेशान होने वाले पात्र हितग्राहियों के लिए राहत की बात है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण में परेशानी आने पर नियमानुसार वैकल्पिक माध्यमों से राशन प्राप्त करने की व्यवस्था का प्रावधान है। इसमें नामांकित व्यक्ति नॉमिनी और ओटीपी आधारित प्रमाणीकरण जैसे विकल्प शामिल हो सकते हैं। जिले के खाद्य नियंत्रक ने इस संबंध में स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा है कि फिंगरप्रिंट मैच नहीं होने मात्र से यह निष्कर्ष निकालना सही नहीं है कि संबंधित हितग्राही को राशन नहीं मिल सकता। बुजुर्गों और बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण में कठिनाई का सामना करने वाले लोगों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था महत्वपूर्ण है। उम्र बढ़ने के साथ कई लोगों के फिंगरप्रिंट स्पष्ट रूप से दर्ज नहीं हो पाते। ऐसे में बायोमेट्रिक मशीन पर अंगूठे का निशान नहीं मिलने से राशन लेने में परेशानी हो सकती है। खाद्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि ऐसी परिस्थितियों से निपटने के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाओं का प्रावधान है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि केवल बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण में परेशानी आने के कारण पात्र हितग्राही राशन से वंचित न रहें। राशन कार्डधारकों को सलाह दी जाती है कि बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण में समस्या आने पर राशन दुकान संचालक या खाद्य विभाग से संपर्क करें और लागू नियमों के अनुसार उपलब्ध विकल्प अपनाएं। नॉमिनी और ओटीपी की सुविधा संबंधित प्रक्रिया तथा पात्रता के अनुसार उपलब्ध होगा।

तौरेंगा जंगल में दो मादा बंदरों का शिकार, तीन शिकारी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

ओडिशा के तीन आरोपी भेजे गये जेल

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व अंतर्गत वन परिक्षेत्र तौरेंगा बफर जोन के अंतर्गत आने वाले गरीबा (आरक्षित वन क्षेत्र कक्ष क्रमांक 1200) में वन्य प्राणी दो मादा बंदरो के अवैध शिकार का एक गंभीर मामला सामने आया है। वन विभाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ओडिशा राज्य के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सभी आरोपियों को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी न्यायालय गरियाबंद के समक्ष पेश किया गया, जहाँ से उन्हें 5 नवंबर तक न्यायिक रिमांड पर जिला जेल गरियाबंद दाखिल कर दिया गया है। जानकारी



के अनुसार ओडिशा के तीन शिकारियो ने तौरेंगा के जंगल मे पहुंचकर दो मादा बंदरो का शिकार किया जिसे वन विभाग की टीम ने पकड़ लिया है। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हे जेल भेजे जाने की जानकारी मिली है। तौरेंगा वन परिक्षेत्र के गरीबा, आरक्षित वन क्षेत्र कक्ष क्र. 1200 (तोरेंगा बफर, वन परिक्षेत्र) ⏭शेष पेज 8 पर

सुरसाबांधा में विजयादशमी उत्सव पर आयोजन

पथ संचलन कर स्वयंसेवकों ने अनुशासन एकता और राष्ट्रभक्ति का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुरसाबांधा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कोपरा श्यामनगर मंडल खंड फिंगेश्वर जिला के तत्वावधान में विजयादशमी उत्सव के पावन अवसर पर ग्राम सुरसाबांधा में भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अनुशासन, संगठन, एकता और राष्ट्रभक्ति का परिचय दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंचायत भवन सुरसाबांधा में स्वयंसेवकों के एकत्रीकरण के साथ हुआ। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में गीत गाते हुए पथ संचलन किया। कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ते स्वयंसेवकों का अनुशासित स्वरूप आकर्षण का केंद्र रहा। ग्राम में पथ संचलन के



दौरान समाज के द्वारा पुष्प वर्षा किया गया साथ ही पूरे गांव का वातावरण राष्ट्रभक्ति और सामाजिक समरसता के भाव से ओतप्रोत रहा। पथ संचलन के पश्चात बौद्धिक कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि शिवदयाल वर्मा ने विजयादशमी पर्व के महत्व, संघ के उद्देश्यों, राष्ट्र निर्माण तथा समाज में संगठन और सेवा भावना की आवश्यकता पर विचार रखे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भूपेंद्र सोनी नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा के उपाध्यक्ष, ने अपने विचार रखे। उन्होंने राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध, सामाजिक एकता, संस्कारों के संरक्षण तथा समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने की प्रेरणा दी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का यह आयोजन ग्राम सुरसाबांधा में संगठनात्मक एकता, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का संदेश देने वाला रहा।

इनका रहा योगदान- कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वयंसेवक मानिक साहू, श्यामसुंदर साहू, महेंद्र साहू, दुकालू यादव,कौशल साहू, लोकेश साहू, चंद्रहास साहू, पप्पू वर्मा, योगेश्वर साहू, योगेश साहू, गणेश साहू धर्मेंद्र साहू, भूपेंद्र साहू, सतीश साहू, युगल वर्मा, सागर साहू, ताम्रध्वज साहू, खोमेश्वर साहू,उज्जवल साहू ,रोशन साहू का सहयोग रहा।

पार्षद जानकी सहित वार्डवासियों के साथ किया पाइप लाइन विस्तार का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

नगर पालिका राजिम के अध्यक्ष महेश यादव के मार्गदर्शन में पार्षद जानकी पटेल ने अपने पार्षद निधि से अपने वार्ड सरदार वल्लभ भाई पटेल पारा वार्ड क्रमांक 3 में वार्डवासियों के साथ पाइप लाइन विस्तार का भूमिपूजन किया है। ज्ञात हो कि वार्ड क्रमांक 3 सरदार वल्लभ भाई पटेल पारा में वार्डवासियों की बहु प्रतीक्षित मांग गौरी गौरा चौरा से लेकर मोहल्ले के रंग मंच बैठक तक पाइप लाइन विस्तार की मांग वार्डवासियों द्वारा लंबे समय से की जा रही थी। उक्त अवसर पर पार्षद तुषार कदम, वरिष्ठ भाजपा नेता आशीष शिंदे, सोमनाथ पटेल, बूथ अध्यक्ष दिलीप पटेल, महेश पटेल, तात्या राव शिंदे,रामकुमार सेन, कन्हैया पटेल, भूषण निर्मलकर, सहित अन्य उपस्थित हुए। उक्त अवसर पर वार्ड के वरिष्ठ नागरिक समाजसेवी अधिवक्ता आशीष शिंदे ने बताया कि हमारे ⏭शेष पेज 8 पर

खबर संक्षेप

नवाचारी साहित्यिक गतिविधियों के कारण काव्यांश की अलग पहचान

महासमुंद। काव्यांश साहित्य एवं कला पथक संस्थान द्वारा नवोदित साहित्यकारों एवं कलाकारों को मंच देने के क्रम में साहित्य एवं कला को जागरूक करने के उद्देश्य से दस दिवसीय साबुन शिल्प एवं मृदा आर्ट कार्यशाला का आयोजन किया जाता रहा है। शरद पूर्णिमा पर काव्यांश काव्य प्रवाह नामक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का ध्येय वाक्य गृहे- गृहे साहित्यस्य चर्चा, सदने -सदने संगोष्ठीः है। इस कार्यक्रम का प्रारंभ काव्यांश साहित्य एवं कला पथक संस्थान के वरिष्ठ सदस्या एवं साहित्यकार पुष्पा गजपाल पीहू के घर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर काव्यांश के संरक्षक उमेश भारती गोस्वामी मृदुल, संस्थान के अध्यक्ष भागवत जगत भूमिल, महासचिव जयराम पटेल पथिक, कोषाध्यक्ष डी बसंत साव साहिल, सचिव पुष्पलता भार्गव सुनंदा, वरिष्ठ साहित्यकार बंधु राजेश्वर खरे, पूर्णिमा गुप्ता उजागर, द्रौपदी साहू सरसिज, पुष्पा गजपाल पीहू, श्लेश चंद्राकर श्रेष्ठ, माधेश्वर नेताम, आशा नेताम, चैन सिंह दीवान, राम कुमार साहू, गैंद लाल साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे।

शासकीय महाविद्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन

सरायपाली। छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2026 मनाया जा रहा है। इस वर्ष सप्ताह की थीम "सत्यनिष्ठा से समृद्धि" रखी गई है। इस अवसर पर शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. संध्या भोई के मार्गदर्शन में सत्यनिष्ठा, ईमानदारी, पारदर्शिता एवं भ्रष्टाचार-मुक्त कार्यसंस्कृति के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, कर्तव्यनिष्ठा तथा सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी के प्रति प्रतिबद्धता विकसित करना है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा तथा जागरूकता संबंधी गतिविधियों के माध्यम से सभी को अपने कार्यों में निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही बनाए रखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। यह आयोजन समाज में नैतिक आचरण को प्रोत्साहित करने और भ्रष्टाचार-मुक्त व्यवस्था के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

प्राणीशास्त्र विभाग में एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन

महासमुंद। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग में एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डा. भूपेंद्र कुमार साहू शासकीय महाविद्यालय रामचंद्रपुर बलरामपुर रहे। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डा. रीता पाण्डेय के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम माता सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पूजन कर किया गया। सरस्वती वंदना एमएससी प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। डा. भूपेंद्र कुमार साहू द्वारा इम्युनोलाजी विषय पर व्याख्यान दिया गया, जिसमें ह्यूमोरल प्रतिरक्षात्मक तंत्रए कोशिका प्रतिरक्षात्मक तंत्र, कोशिका आदि पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। साथ ही विद्यार्थियों प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी तथा उच्च शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों के संबंध में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिए।

शरद पूर्णिमा पर दादरझोरी में रामध्वनि की गूंज, भक्ति में सराबोर हुआ गांव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

दो दिवसीय रामध्वनि प्रतियोगिता में धमतरी जिले की मंडलियों ने बिखेरी भक्ति की छटा

शरद पूर्णिमा पर ग्राम दादरझोरी में आयोजित दो दिवसीय रामध्वनि प्रतियोगिता ने पूरे गांव को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। भगवान श्रीराम के जयकारों, रामध्वनि की मधुर स्वर लहरियों और भक्ति संगीत की गूंज से गांव का वातावरण पूरी तरह धर्ममय हो उठा। प्रतियोगिता में विभिन्न गांवों से पहुंची रामध्वनि मंडलियों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। आयोजन को देखने और रामध्वनि का श्रवण करने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण, मातृशक्ति और क्षेत्र के धर्मप्रेमी उपस्थित रहे। रामध्वनि मंडलियों की प्रस्तुतियों ने न केवल धार्मिक वातावरण को जीवंत बनाया, बल्कि ग्रामीणों को अपनी सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक परंपराओं से जोड़ने का भी संदेश दिया। इस अवसर पर सरपंच रमेश कुमार साहू ने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज को जोड़ने, सद्भाव बढ़ाने और नई पीढ़ी को संस्कारों से परिचित कराने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं को नशे की बढ़ती प्रवृत्ति के प्रति सचेत किया। युवाओं को नशापान से दूर रहकर स्वस्थ, संयमित और सामान्य जीवन जीने का प्रयास करना चाहिए।

- सरपंच रमेश ने युवाओं से की नशे से दूर रहने की अपील



रामध्वनि मंडलियों को मिला सम्मान

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाली मंडलियों को नकद राशि एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसमें प्रथम स्थान ओमसाईं रामधुनी मंडली, पेंडरवानी, जिला धमतरी ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान हनुमंत लोक कला सांस्कृतिक रामध्वनि मंडली, बोदा छापर, जिला धमतरी को मिला, जबकि तृतीय स्थान जय बजरंग रामध्वनि मंडली, सेंचुवा, जिला धमतरी ने हासिल किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली अन्य मंडलियों को भी सांत्वना पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

ग्रामवासियों के सहयोग से सफल हुआ आयोजन- कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष बेनीराम साहू, बृज साहू, मनाराम पटेल, साहू समाज के अध्यक्ष देवा साहू, शारदा विश्वकर्मा, अवधराम, संतोष, डॉ. सोनऊ, डॉ. सुरेश, नेहरू साहू, उपसरपंच राजू साहू, धनीराम, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवापारा ग्रामीण के अध्यक्ष गिरधारी साहू, टीकू साहू, रेखू साहू, दीपक साहू नीलकुमार साहू सहित अन्य ग्रामीणों का सराहनीय सहयोग रहा। मंच संचालन शिक्षक श्यामलाल एवं शिक्षक शिवकुमार ने किया।

बैठक : कलेक्टर रणबीर शर्मा ने विभागीय कार्यों की समीक्षा कर लंबित प्रकरणों के निराकरण पर दिया जोर

राज्योत्सव व जनजातीय गौरव दिवस की तैयारियां बेहतर तरीके से करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि लंबित प्रकरणों को यथासंभव निर्धारित समयावधि में पूर्ण करें। कलेक्टर श्री शर्मा ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के अवसर पर 02 नवंबर को पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित होने वाले राज्योत्सव कार्यक्रम के बारे में अधिकारियों को सभी कार्य समय पर पूर्ण करने को कहा। उन्होंने कहा कि राज्योत्सव के अवसर पर संबंधित विभागो के स्टॉल लगाएं जाएंगे। इस वर्ष छत्तीसगढ़ राज्योत्सव 2026 का थीम ''सशक्त नारी, युवा उड़ान'' होगा।

- धान खरीदी की तैयारियां समय पर पूरी करें, बारदाने की व्यवस्था और केंद्रों में साफ-सफाई कराएं

कलेक्टर श्री शर्मा ने बताया कि भारत सरकार, जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार जिले में 11 से 18 नवंबर तक जनजातीय गौरव सप्ताह मनाया जाएगा। इस दौरान जनजातीय संस्कृति, परंपरा, कला एवं गौरवशाली इतिहास पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जनजातीय क्रांतिवीरों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों एवं प्रमुख जनजातीय व्यक्तित्वों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत करमा महोत्सव, शहीद वीर नारायण सिंह लोक कला महोत्सव एवं जनजातीय स्वाभिमान सम्मेलन आयोजित कराएं जाएं। साथ ही जनजातीय विकास प्रदर्शनी, कला-शिल्प, पारंपरिक व्यंजन एवं पुस्तक मेला, जनजातीय वाद्य यंत्रों की प्रदर्शनी तथा चित्रकला एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिताएं आयोजित कराएं।



बस्तर मुन्ने योजना की प्रगति की समीक्षा भी

बैठक में बस्तर मुन्ने योजना की प्रगति की समीक्षा भी की गई। योजना के अंतर्गत संचालित 36 योजनाओं के माध्यम से श्रमिकों, दिव्यांगजनों, महिलाओं, विद्यार्थियों और किसानों सहित विभिन्न वर्गों को लाभान्वित किया जा रहा है। कलेक्टर ने सेवा सेतु पोर्टल में लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री शर्मा ने सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ प्रखर चंद्राकर, अपर कलेक्टर पंकज डाहिरे, ऋषा ठाकुर सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम का आयोजन गरिमापूर्ण एवं बेहतर तरीके से हो- कलेक्टर श्री शर्मा ने विशेष गहन पुनरीक्षण मतदाता सूची में नए मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित करने तथा 17 वर्ष से अधिक आयु के युवाओं के अग्रिम पंजीयन सहित पात्र युवाओं का मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को भू-अर्जन के प्रकरणों में विशेष सावधानी के साथ नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को राज्यपाल के गोद ग्राम बिजली में शासन की योजनाओं का शत-प्रतिशत सेचुरेशन सुनिश्चित करने तथा पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने बारदाने की पर्याप्त व्यवस्था, धान खरीदी केंद्रों में साफ-सफाई तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि 80 प्रतिशत बारदाने एकत्रित किए जा चुके हैं। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को मकान क्षति से संबंधित प्रकरणों में नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को सहायता राशि स्वीकृत करने के निर्देश दिए।

दीपावली पर्व से पहले धान खरीदी शुरू करने की मांग





किसानों को 3,358 रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य दे सरकार: पुष्पा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

नवरात्रि के बाद ग्रामीण अंचलों में धान की कटाई और मिंजाई का सिलसिला तेज हो गया है। किसान अपनी उपज बेचकर दीपावली का त्योहार मनाने के लिए उत्सुक हैं, लेकिन राज्य सरकार द्वारा 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू करने की घोषणा से किसानों में मायूसी है। दीपावली के खर्चों की व्यवस्था करने के लिए कई किसान अपनी मेहनत की कमाई को कम कीमत पर बिचौलियों और व्यापारियों के हाथों बेचने के लिए मजबूर हो रहे हैं।

जिला कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष एवं फिंगेश्वर जनपद पंचायत की पूर्व अध्यक्ष पुष्पा जगन्नाथ साहू ने कल क्षेत्र के एक निजी कार्यक्रम के बाद हरिभूमि सावांदाता से राज्य सरकार की धान खरीदी नीति पर सवाल उठाते हुए दीपावली से पहले खरीदी शुरू करने अथवा किसानों को अग्रिम भुगतान की सुविधा देने की मांग की है। उन्होंने धान खरीदी की तारीख को लेकर सरकार की नीति पर सवाल उठाते हुए कहा कि इसके कारण किसानों, गरीबों और मजदूरों को त्योहार मनाने में परेशानी हो रही है।

पुष्पा साहू ने इस वर्ष धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाकर 3,358 रुपए प्रति क्विंटल करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने चुनाव के दौरान 3,100 रुपये प्रति क्विंटल धान खरीदी का वादा किया था। इसमें 258 रुपये की वृद्धि कर किसानों को राहत दी जानी चाहिए।

हड़ताल के कारण किसानों को हो सकती है परेशानी- पुष्पा साहू ने पटवारियों की जारी हड़ताल पर भी चिंता जताते उन्होंने कहा कि 31 अक्टूबर तक निर्धारित किसानों के पंजीयन का कार्य हड़ताल के कारण प्रभावित हो रहा है, जिससे किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने महतारी वंदन योजना के तहत कथित वसूली और पात्र हितग्राहियों की संख्या में कमी आने के मुद्दे पर भी सवाल उठाए।कुछ का तो मिल रहे थे बीच में ही बंद हो गया जिसका कोई प्रर्याप्त कारण नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को किसानों और आम जनता से जुड़े इन मुद्दों पर जल्द स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर कांग्रेस पार्टी किसानों और आम लोगों के अधिकारों के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेगी।

गर्भवती महिलाओं को नहीं मिल पा रहा कैल्शियम और मल्टीविटामिन टेबलेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी बहुल विकासखंड मैनपुर क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्रों और अधीनस्थ उप स्वास्थ्य केंद्रों में इन दिनों गर्भवती महिलाओं के लिए बेहद जरूरी कैल्शियम की टेबलेट ही उपलब्ध नहीं हैं। अस्पतालों में न तो मल्टीविटामिन कैप्सूल और सिरप हैं और न ही बी-कॉम्प्लेक्स जैसी बुनियादी दवाएं मरीजों को मिल पा रही हैं। दवाइयों के इस भीषण अभाव के कारण सबसे ज्यादा परेशानी ग्रामीण अंचल की गर्भवती महिलाओं को उठानी पड़ रही है, जिनके स्वास्थ्य और पोषण के लिए ये दवाएं अत्यंत आवश्यक होती हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार, गर्भावस्था के दौरान महिलाओं को जच्चा और बच्चा दोनों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए नियमित रूप से कैल्शियम, आयरन और मल्टीविटामिन की आवश्यकता होती है। लेकिन क्षेत्र के अस्पतालों की लचर व्यवस्था के चलते महिलाओं को ये जीवनरक्षक और पोषणयुक्त दवाएं नसीब नहीं हो पा रही हैं। मजबूरन



ग्रामीण महिलाओं को महंगे दामों पर बाहर के मेडिकल स्टोर से दवाइयां खरीदनी पड़ रही हैं, जो गरीब आदिवासी परिवारों के लिए आर्थिक रूप से बेहद कठिन साबित हो रहा है।

अस्पतालों के चक्कर काटने को मजबूर ग्रामीण- स्थानीय नागरिकों और क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों का कहना है कि स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टर और स्टाफ तो तैनात हैं, लेकिन दवाइयों का स्टॉक खत्म हो जाने के कारण डॉक्टर चाहकर भी मरीजों का सही उपचार नहीं कर पा रहे हैं। पर्ची लिखने के बाद जब मरीज अस्पताल के दवा वितरण कक्ष में पहुंचते हैं, तो उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ता है। दूर-दराज के ग्रामीण जंगलों और पहाड़ों को पार कर इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र पहुंचते हैं, लेकिन दवा न मिलने से उन्हें भारी निराशा और कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

स्वास्थ्य मंत्री और कलेक्टर से तत्काल दवा आपूर्ति की मांग- क्षेत्र में फैली इस गंभीर स्वास्थ्य समस्या से आक्रोशित ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य मंत्री और गरियाबंद जिले के कलेक्टर से त्वरित संज्ञान लेने की पुरजोर मांग की है। ग्रामीणों ने मांग की है कि मैनपुर क्षेत्र के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में जल्द से जल्द पर्याप्त मात्रा में कैल्शियम, मल्टीविटामिन और अन्य आवश्यक दवाइयों का स्टॉक भेजा जाए।

बीएमओ ने कहा- उच्चाधिकारियों को दी है जानकारी- मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ डॉ. गजेंद्र ध्रुव ने दवाओं की कमी स्वीकार करते हुए बताया कि इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को दे दी गई है। वहीं, गरियाबंद जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवरत्न ने बताया कि आगे से नियमित सप्लाई न मिलने के कारण यह स्थिति बनी है, और जल्द ही मैनपुर में दवाइयां भिजवा दी जाएंगी।

पूर्व माध्यमिक शाला गोना में मनाया गया दशहरा पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

विकासखंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गोना में बैगलेस डे के अवसर पर दशहरा उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों को दशहरा पर्व के सांस्कृतिक महत्व से अवगत कराने के साथ ही सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने रावण के दस सिरों को समाज में व्याप्त दस बुराइयों के प्रतीक के रूप में समझते हुए सकारात्मक बदलाव का संदेश दिया। विद्यालय के शिक्षक पेश्वर यादव ने बच्चों को बताया कि रावण के दस सिर हमें आज के समाज में मौजूद बुराइयों पर विचार करने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने भ्रष्टाचार, अशिक्षा, नशाखोरी, अंधविश्वास, महिला अत्याचार, जातिवाद, पर्यावरण प्रदूषण, साइबर अपराध, लालच एवं स्वार्थ तथा हिंसा एवं द्वेष जैसी सामाजिक समस्याओं की जानकारी देते हुए इनसे दूर रहने की आवश्यकता बताई। दशहरा केवल रावण दहन का पर्व नहीं, बल्कि बुराइयों को त्यागकर अच्छाइयों को अपनाने का संदेश भी देता है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में ईमानदारी, शिक्षा, सदाचार, समानता और मानवता को महत्व दे, तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता स बच्चों ने संकल्प लिया कि वे शिक्षा का प्रसार करेंगे, नशे से दूर रहेंगे, पर्यावरण की रक्षा करेंगे, महिलाओं का सम्मान करेंगे तथा समाज में प्रेम, समानता और भाईचारे का संदेश फैलाएँगे। इस अवसर पर संस्था के प्रधान पाठक सूरज प्रसाद पात्र शिक्षक पेश्वर यादव,आलोक शर्मा,राकेश,रोहित नेताम उपस्थित थे।



कार से बड़ी मात्रा में गांजा बरामद, दो व्यक्ति गिरफ्तार

महासमुंद। पदमपुर रोड पर नाकाबंदी एवं सघन चेकिंग के दौरान बसना पुलिस ने महिंद्रा एक्सयूवी कार से बड़ी मात्रा में गांजा बरामद किया है। कार्रवाई के दौरान दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी, परिवहन तथा बिक्री पर प्रभावी एवं विधिवत कार्रवाई करने महासमुंद जिले में पुलिस के द्वारा लगातार चेकिंग कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत थाना बसना पुलिस द्वारा आने-जाने वाले संदिग्ध वाहनों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही थी। 26 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली कि पदमपुर मार्ग की तरफ से एक सफेद रंग की महिंद्रा एक्सयूवी 500 कार (क्रमांक एमपी 17 सीसी 1110) में दो व्यक्ति अवैध रूप से भारी मात्रा में मादक पदार्थ गांजा रखकर बसना होते हुए सतना (मध्य प्रदेश) की ओर बिक्री हेतु जा रहे हैं। सूचना पर थाना बसना एवं एएनटीएफ पुलिस टीम द्वारा थाना बसना के सामने पदमपुर रोड पर नाकाबंदी की गई। जहां संदिग्ध कार को घेराबंदी कर रोका गया। कार में दो व्यक्ति सवार मिले, जिनसे पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता प्रमोद कुशवाहा पिता सौखीलाल कुशवाहा (40 साल), निवासी ग्राम चंदई, थाना जैतवारा, जिला सतना (मध्य प्रदेश) और कृष्णपाल कुशवाहा पिता जयलाल कुशवाहा (38 साल), निवासी ग्राम चंदई, थाना जैतवारा, जिला सतना (मध्य प्रदेश) होना बताया।

पेज 7 के शेष...

तौरेंगा जंगल में...

वन अपराध क्रमांकरू पी.ओ.आर. क्र. 23/19, दिनांक 26/10/2026 वन्य प्राणी (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड जिला जेल गरियाबंद में दाखिला कराया गया है। गिरफ्तार आरोपी भूसा पिता लालधर उम्र 50 वर्ष, बनमाली सांता पिता सुकिया सांता उम्र 51 वर्ष एवं सोलंदर सांता पिता रतनु सांता उम्र 26 वर्ष सभी आरोपी ग्राम कबाटपानी रायघर, जिला नवरंगपुर, ओडिशा के निवासी हैं। वन विभाग की इस सख्त कार्रवाई से क्षेत्र में वन्य जीव तस्करों और शिकारियों में हड़कंप मच गया है। विभाग द्वारा जंगलों में सुरक्षा व्यवस्था और गश्त बढ़ा दी गई है ताकि वन्य जीवों की अवैध गतिविधियों पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके।

पार्षद जानकी सहित...

वार्ड के पार्षद जानकी पटेल वार्ड के समस्याओं को लेकर बहुत ही चिंतित है, लगातार वार्ड वासियों की समस्याओं का समाधान उनके द्वारा किया जाता है। वार्ड में पानी की समस्या के समाधान के लिए अपने पार्षद निधि से पाइपलाइन विस्तार का कार्य करना हमारे वार्ड के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। साथ ही उक्त अवसर पर वार्डवासियों ने पार्षद जानकी पटेल को धन्यवाद ज्ञापित किया है। धन्यवाद ज्ञापित करने वाले में खेलू पटेल, विक्रम पटेल,ओमप्रकाश यादव, गोपाल पटेल, राधा पटेल, मोंगरा पटेल, किरण निर्मलकर, मनोज निर्मलकर, संतोष निर्मलकर सहित अन्य शामिल हैं।



प्रतियोगिता : विधायक जनक ने कबड्डी मैट के लिए 2 लाख देने की घोषणा की

मड़ेली में राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता महिला वर्ग में राजनांदगांव ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव (कोरासी)

ग्राम मड़ेली में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय महिला एवं पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता-2026 के तहत महिला वर्ग का फाइनल मुकाबला रोमांचक माहौल में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में राजनांदगांव की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि पेण्ड्रा नगर की टीम उपविजेता रही। खिलाड़ियों के दमदार रेड और मजबूत रक्षण ने दर्शकों को अंत तक रोमांचित रखा।

पुरस्कार वितरण समारोह में बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक राम ध्रुव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज, गरियाबंद के जिलाध्यक्ष नीलकंठ ठाकुर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू, जनपद सदस्य अवध राम साहू तथा ग्राम पंचायत सरपंच अशोक कुमार ध्रुव सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे।

महिला वर्ग की विजेता टीमों को मिला नकद पुरस्कार- महिला वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों को नकद पुरस्कार दिया गया। प्रथम स्थान राजनांदगांव को 21 हजार रुपए, द्वितीय स्थान पर पेण्ड्रा नगर को 15 हजार, तृतीय स्थान पर रायपुर लालपुर को 8001 रुपए और चतुर्थ स्थान पेण्ड्रा जिला को 5,001 रुपए दिया गया।

रोमांचक मुकाबलों ने दर्शकों को बांधे रखा- प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों का उत्साह और दर्शकों का जोश देखते ही बन रहा था। मैदान में हुए रोमांचक मुकाबलों ने खेल प्रेमियों को अंत तक बांधे रखा। प्रतियोगिता के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिला। आयोजन को सफल बनाने में समिति के सदस्यों, सहयोगियों, खेल प्रेमियों एवं अतिथियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।





ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मिलता है अवसर : विधायक

समारोह को संबोधित करते हुए विधायक जनक राम ध्रुव ने कहा कि राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता जैसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने और अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करते हैं। खेलों से युवाओं में अनुशासन, टीम भावना, आपसी भाईचारे और प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। उन्होंने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए विजेता एवं उपविजेता टीमों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। साथ ही खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कबड्डी मैट के लिए 2 लाख रुपये देने की घोषणा की। आयोजन को सफल बनाने में सहयोग के लिए आयोजन समिति को 5 हजार रुपये की नकद राशि भी प्रदान की।

कबड्डी ग्रामीण अंचल का लोकप्रिय खेल : नीलकंठ ठाकुर

छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज, गरियाबंद के जिलाध्यक्ष नीलकंठ ठाकुर ने कहा कि कबड्डी ग्रामीण अंचल की खेल संस्कृति से जुड़ा लोकप्रिय खेल है। यह खिलाड़ियों में शारीरिक क्षमता, साहस, अनुशासन और सामूहिक प्रयास की भावना विकसित करता है। ऐसे आयोजनों से ग्रामीण प्रतिभाओं को अपनी खेल क्षमता प्रदर्शित करने का बेहतर मंच मिलता है। उन्होंने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए समिति को बधाई दी।

अतिथियों ने खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह- *पूर्व जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर अभ्यास और मेहनत के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। जनपद सदस्य अवध राम साहू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से युवाओं की खेलों के प्रति रुचि बढ़ती है और उनकी प्रतिभा को निखरने का अवसर मिलता है। ग्राम पंचायत सरपंच अशोक कुमार ध्रुव ने अतिथियों, खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों और आयोजन में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रतियोगिता की सफलता में आयोजन समिति के योगदान की सराहना की।*

स्मृति ईरानी से दीपक और उमाशंकर ने की सौजन्य भेंट



जल जन सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वाराणसी से वडनगर यात्रा के अनुभवों एवं संगठनात्मक विषयों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय रायपुर में जल जन सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वाराणसी से वडनगर तक आयोजित यात्रा के छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी दीपक साहू एवं यात्रा के सह-प्रभारी उमाशंकर बघेल ने भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय महामंत्री एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी से सौजन्य भेंट कर आत्मीय मुलाकात की। बुलावा मिलने पर दीपक साहू एवं उमाशंकर बघेल प्रदेश भाजपा कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने स्मृति ईरानी से मुलाकात कर यात्रा से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। यह मुलाकात यात्रा के सफल आयोजन से जुड़े अनुभवों को साझा करने तथा संगठनात्मक संवाद के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण रही। जल जन सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वाराणसी से वडनगर तक आयोजित यात्रा सेवा, समर्पण, सांस्कृतिक चेतना एवं राष्ट्रभावना के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की भावना से जुड़ी रही। इस यात्रा में युवाओं ने सहभागिता करते हुए धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों के दर्शन के साथ सामाजिक सरोकारों और जनसेवा के संकल्प को आत्मसात किया। यात्रा के छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी के रूप में दीपक साहू तथा सह-प्रभारी उमाशंकर बघेल ने अभियान के दौरान प्राप्त अनुभवों और यात्रा से जुड़े विषयों को साझा किया। यात्रा के माध्यम से युवाओं को राष्ट्रहित, सामाजिक जिम्मेदारी, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और जनसेवा के प्रति प्रेरित करने का संदेश दिया गया। दीपक साहू ने कहा कि इस प्रकार के अभियान युवाओं को समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का बोध कराते हैं। ऐसे अनुभव जीवन में सेवा, अनुशासन, समर्पण और संगठन के प्रति प्रतिबद्धता की भावना को और मजबूत करते हैं। भाजपा प्रदेश कार्यालय में हुई यह सौजन्य भेंट संगठन के वरिष्ठ नेतृत्व से संवाद करने और यात्रा से जुड़े अनुभवों को साझा करने का अवसर रही। इस मुलाकात से अभियान से जुड़े कार्यकर्ताओं के लिए भी उत्साह एवं प्रेरणा का संदेश सामने आया।

करोड़ों की लागत से बनी गौठान योजना कागजों व फाइल में सिमटी

रसेला। क्षेत्र में सरकारें लगातार जनता के विकास के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च करती हैं, लेकिन जब योजनाओं का वास्तविक परिणाम सामने आता है, तो तस्वीर बेहद निराशाजनक दिखाई देती है। राज्य की बहुचर्चित गौठान योजना को पिछली सरकार के कार्यकाल में बड़े स्तर पर लागू किया गया था। इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पशुधन को व्यवस्थित रखना, गोबर खरीदी कर वर्मी कंपोस्ट उत्पादन को बढ़ावा देना और ग्रामीण स्तर पर रोजगार के अवसर तैयार करना था। लेकिन आज जमीनी हकीकत यह है कि लाखों की लागत से बने निर्माण कार्य और अन्य सामान या तो जर्जर पड़े हैं या अधूरे निर्माण के



कारण पूरी तरह अनुपयोगी साबित हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति देखने पर स्पष्ट होता है कि कई स्थानों पर गौठान योजना के तहत आवश्यक बुनियादी सुविधाएं आज तक पूरी नहीं की जा सकीं। कई जगहों पर शेड, बाउंड्री, स्टोरेज व्यवस्था, प्लेटफॉर्म और बिजली-पानी जैसी सुविधाएं अधूरी रह गईं। ग्रामीण कसराम ठाकुर, नरेश सोरी, कुबेर भुजिया, पुरोहित यादव, राघवेंद्र यादव, कार्तिक यादव और राजेंद्र यादव का कहना है कि गौठान बनने के बाद शुरुआती कुछ महीनों तक जरूर कुछ गतिविधियां दिखीं, लेकिन धीरे-धीरे न तो इनका रखरखाव हुआ और न ही कोई स्थायी व्यवस्था बन पाई। परिणामस्वरूप, कई गौठान बिना किसी उपयोग के उजड़ चुके हैं। ग्रामीण इलाकों में अब ये गौठान विकास का केंद्र बनने के बजाय खाली मैदान और टूटे-फूटे ढांचे बनकर रह गए हैं। कुछ परिसरों में बड़ी-बड़ी झाड़ियां उग आई हैं, तो कहीं निर्माण सामग्री बिखरी पड़ी है, जिससे साफ जाहिर होता है कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद जनता को इसका कोई वास्तविक लाभ नहीं मिल पा रहा है।

देवगांव में ग्रामीण के घर से अवैध सागौन बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

वन एवं वन्यजीवों के संरक्षण तथा वन संपदा से जुड़ी अनियमितताओं पर लगाम लगाने के लिए वन विभाग द्वारा लगातार सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में 26 अक्टूबर को वनमंडल गरियाबंद के अंतर्गत छुरा वन परिक्षेत्र में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। सर्च वारंट के आधार पर ग्राम देवगांव में की गई इस छापेमारी के दौरान एक व्यक्ति के निवास से भारी मात्रा में अवैध सागौन की लकड़ी बरामद की गई है।

यह पूरी कार्रवाई प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख अरुण पाण्डेय, मुख्य वन संरक्षक मणिवासगन एस. और वनमंडलाधिकारी गरियाबंद मयंक पाण्डेय के मार्गदर्शन व



निर्देशन में संपन्न हुई। इस दौरान उप वनमंडलाधिकारी राजिम मनोज चंद्राकर के सहयोग तथा छुरा वन परिक्षेत्र अधिकारी लुकेश बैस के नेतृत्व में वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की विशेष टीम ने देवगांव में दबिश दी।

तलाशी के दौरान बरामद हुआ अवैध काष्ठ- वन विभाग की टीम ने छुरा परिक्षेत्र के अमेठी वृत्त अंतर्गत बोडराबांधा परिसर स्थित ग्राम देवगांव निवासी शिव साहू पिता साधू राम साहू, उम्र 49 वर्ष के निवास पर सर्च वारंट की तामिली कर विधिवत तलाशी ली। तलाशी के दौरान मौके से सागौन लट्ठा 9 नग आयतन 0.797 घन मीटर, सागौन चिरान 6 नग आयतनः 0.066 घन मीटर, कुल जब्त सागौन काष्ठ 15 नग कुल आयतनः 0.863 घन मीटर बरामद किया है। वन विभाग ने बरामद किए गए समस्त अवैध सागौन काष्ठ को नियमानुसार जप्त कर लिया है और आरोपी के खिलाफ वन अपराध पंजीबद्ध किया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि वन संपदा की सुरक्षा, अवैध कटाई और वन अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए इस तरह की सख्त निगरानी एवं कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।



खबर संक्षेप

ग्राम पंचायत आलेखूंटा में भूमिपूजन...



नवापारा-राजिम। ग्राम पंचायत आलेखूंटा नाली निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत सभापति चंद्रकला ध्रुव एवं जनपद सभापति राजेश्वरी ध्रुव, सरपंच भागेश्वरी सिन्हा उपस्थित थीं।

प्रयास आवासीय विद्यालयः कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए चतुर्थ काउंसलिंग की चयन सूची जारी

गरियाबंद। मुख्यमंत्री बाल भविष्य योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए चतुर्थ काउंसलिंग में प्राप्त आवेदनों के आधार पर मेरिट क्रम में चयन सूची जारी कर दी गई है। चयन सूची विभागीय वेबसाइट एकलव्य डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन पर प्रदर्शित की गई है। चयनित विद्यार्थियों को संबंधित प्रयास आवासीय विद्यालय में 30 अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से प्रवेश लेना होगा। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त श्री लोकेश्वर पटेल ने बताया कि काउंसलिंग के दौरान विद्यार्थियों को आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इनमें कक्षा आठवीं में प्रथम श्रेणी 60 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण होने की अंकसूची, पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी नक्सल पीड़ित प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र तथा विशेष पिछड़ी जनजाति प्रमाण पत्र शामिल हैं। प्रवेश की पात्रता पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को दो दिवस के भीतर जिला शिक्षा अधिकारी से प्रतिहस्ताक्षरित स्थानांतरण प्रमाण पत्र तथा जिला चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी सिकलसेल जांच प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा। जारी निर्देशों के अनुसार, विद्यार्थी को आवंटित प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश लेना होगा। चयनित विद्यालय में किसी भी प्रकार का संस्था परिवर्तन नहीं किया जाएगा।

अयोध्या नगर में धूमधाम से मनाया गया शरद पूर्णिमा उत्सव



महासमुंद। स्थानीय अयोध्या नगर वार्ड क्रमांक-03 में मां महामाया दुर्गा पूजा उत्सव समिति द्वारा गार्डन में वार्ड की महिलाओं के साथ श्रद्धा, भक्ति और उल्लास से भरपूर शरद पूर्णिमा उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं के लिए खेलकूद एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय हो उठा। सभी ने मिलकर खीर-पूड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही श्रृंगार सामग्री एवं उपहार वितरित कर प्रतिभागियों के चेहरे पर खुशियां बिखेरी गईं। रात्रि 12 बजे अमृत वर्षा की पावन मान्यता के बीच शरद पूर्णिमा का उत्सव विशेष श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। महिलाओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने इस आयोजन को यादगार बना दिया।

सौगात : महतारी सदन के लिए 30 लाख और सीसी रोड के लिए 7 लाख देने की विधायक ने की घोषणा

बेलर में पटपर जस झांकी देखने उमड़ा जनसैलाब, विधायक रोहित साहू ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा-बेलर

फिंगेश्वर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम बेलर में छत्तीसगढ़ की पारंपरिक लोक संस्कृति और धार्मिक आस्था का एक अद्भुत नजारा देखने को मिला। यहां आयोजित प्रसिद्ध 'श्री दाई के दुलरवा नवरत्न पटपर डोंगरगढ़ जस झांकी' के भव्य कार्यक्रम में भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। आयोजन स्थल पर करीब 25 हजार दर्शकों की मौजूदगी दर्ज की गई, जिसके चलते विशाल मैदान में पैर रखने तक की जगह नहीं बची और हर तरफ रेलमपेल का दृश्य दिखाई दिया।

यह भव्य धार्मिक आयोजन उपसरपंच हरिशंकर नारायण साहू के निज निवास पर गृह प्रवेश तथा बेबी रोशिका के जन्मदिन के विशेष उपलक्ष्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम 26 अक्टूबर को रात 10 बजे से शुरू होकर देर रात 1 बजे तक चली इस मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुति ने उपस्थित सभी दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित किया।

विधायक रोहित ने दी विकास कार्यों की सौगात- कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजिम क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने शिरकत की। उनके साथ जिला पंचायत सभापति नंदनी ओमकार साहू, जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाड़िक, ग्राम पंचायत सरपंच सुमन लेखराम रात्रे, भाजपा मंडल फिंगेश्वर अध्यक्ष मंजुलता हरित, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष योगेश साहू, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष खोमन साहू, प्रदेश बजरंग दल महामंत्री मनोज साहू, राभमस अध्यक्ष लाला साहू, पुरोहित पं. त्रिभुवन मिश्रा और रामाधार साहू सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू ने ग्राम पंचायत बेलर में टीन शेड, सीसी रोड और हाईमास्ट लाइट समेत कई पूर्ण हो चुके विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इसके साथ ही, शीतला सामुदायिक भवन और सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया गया। ग्रामवासियों की मांग पर विधायक ने महतारी सदन के निर्माण के लिए 30 लाख रुपये तथा सीसी रोड के लिए 7 लाख रुपये की भारी-भरकम राशि देने की घोषणा की। विधायक की इस घोषणा से गदगद ग्रामवासियों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका आभार व्यक्त किया। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि ऐसी धार्मिक प्रस्तुतियां और नाटक केवल मनोरंजन का साधन नहीं हैं, बल्कि यह समाज में आपसी भाईचारे, सद्भावना और सनातन लोक आस्था का गहरा संदेश देती हैं।

धार्मिक प्रस्तुतियां और नाटक सद्भावना और भाईचारे को देतीं है बढ़ावाः साहू





झांकी के अद्भुत दृश्यों ने मोहा मन

'श्री दाई के दुलरवा नवरत्न पटपर डोंगरगढ़ जस झांकी' के कलाकारों ने अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। मंच पर मां काली, कंकालीन दाई, खप्पर वाली, मरघटनीन दाई, अघोरी रूप, भगवान गणेश, नंदी और भगवान शिव से जुड़े विभिन्न पौराणिक प्रसंगों का सजीव एवं प्रभावशाली मंचन किया गया। इसके अलावा, बैगा और टोनही से जुड़ी लोक मान्यताओं के दृश्यों को भी बखूबी दर्शाया गया।

विशेष तौर पर मां काली, खप्पर वाली और मरघटनीन दाई के रौद्र रूप व तांडव नृत्य ने दर्शकों के रोंगटे खड़े कर दिए। खप्पर वाली के रूप में एक कलाकार द्वारा नन्ही बच्ची रोशिका को गोद में लेकर मंच पर किया गया तांडव पूरे कार्यक्रम का सबसे बड़ा आकर्षण रहा। हाई-फाई साउंड सिस्टम, आधुनिक डिजिटल संगीत और रंग-बिरंगी दूधिया रोशनी ने इस धार्मिक अनुष्ठान को और अधिक भव्य बना दिया। जसगीत की गूंज के बीच कई श्रद्धालुओं में देवी आस्था से जुड़े भाव भी देखने को मिले, जिसके लिए आयोजकों द्वारा विशेष स्थान की व्यवस्था की गई थी।

वाहनों की लगी लंबी कतार

कार्यक्रम में उमड़ी अपार भीड़ के कारण फिंगेश्वर और छुईहा मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। हालांकि, इतनी बड़ी संख्या में जुटी भीड़ को नियंत्रित करने और सुचारू व्यवस्था बनाए रखने के लिए आयोजकों ने पुलिस बल, स्थानीय स्वयंसेवकों और महिला-पुरुष सुरक्षा सहयोगियों की सराहनीय तैनाती की थी।

इनका रहा योगदान

इस सफल आयोजन को संपन्न कराने में नारायण साहू, भाजपा महामंत्री भुवन साहू, दुलारी साहू, हिनेश्वरी साहू, संजय साहू, संजीव साहू, होरीलाल साहू, विधायक के निज सहायक किशोर साहू सहित सरपंच, पंचगण और ग्राम विकास समिति के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

करवा चौथ 29 को, सुहागिनें रखेंगी व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला



हिंदू धर्म में करवा चौथ का पर्व धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से विशेष महत्व रखता है। इस वर्ष करवा चौथ का व्रत 29 अक्टूबर, गुरुवार को मनाया जाएगा। इस पावन अवसर पर सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि और दांपत्य जीवन की खुशहाली की कामना करते हुए व्रत रखेंगी। करवा चौथ के दिन 0महिलाएं सुबह से ही व्रत का संकल्प लेकर दिनभर उपवास रखती हैं। इस दौरान भगवान गणेश, भगवान शिव, माता पार्वती और भगवान कार्तिकेय की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है। शाम के समय महिलाएं एकत्रित होकर करवा चौथ की कथा सुनती हैं और परिवार की सुख-शांति एवं पति की दीर्घायु के लिए प्रार्थना करती हैं।

करवा चौथ की पूजा में करवा का विशेष महत्व होता है। महिलाएं पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना कर चंद्रमा के उदय होने की प्रतीक्षा करती हैं। रात्रि में चंद्रमा के दर्शन कर उन्हें अर्घ्य अर्पित किया जाता है। इसके बाद महिलाएं अपने पति के हाथों जल ग्रहण कर व्रत का पारण करती हैं।यह पर्व पति-पत्नी के बीच प्रेम, विश्वास और समर्पण का प्रतीक माना जाता है। करवा चौथ के अवसर पर महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा और श्रृंगार के साथ पर्व मनाती हैं। धार्मिक आस्था और पारिवारिक परंपराओं से जुड़ा यह त्योहार दांपत्य जीवन में प्रेम, सौहार्द और खुशहाली का संदेश देता है।

चक्रवाती अर्नब तूफान के बीच शाम का नजारा...



मैनपुर। चक्रवाती अर्नब तूफान के चलते आज दिनभर मैनपुर क्षेत्र मे बदली छाई रही और ठंडी हवा चल रही है तो वही शाम होते ही आसमान का नजारा अलग ही नजर आ रहा है आसमान पर दिखा लाल रंग का बादल, हल्की हवाओ के बीच लाल बादल बना रहा आकर्षण का केंद्र बना रहा।

सालासर समिति के कारण 90 दिव्यांग बच्चों के चेहरे खिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम



अंचल की प्रसिद्ध धार्मिक ,जनकल्याण एवं दीनदुखियों की सेवा के लिए समर्पित सालासर सुन्दरकाण्ड हनुमान चालीसा जनकल्याण समिति ने एक बार फिर पुनीत कार्य किया है। समिति ने प्रतिवर्ष की भांति पांच सात बच्चों को नही बल्कि 90 दिव्यांग बच्चे ,जिसमें नेत्रहीन,मूक बधिर,मन्द बुद्धि एवं शारीरिक रूप से दिव्यांग एवं अनाथ बच्चों को दीपावली त्योहार के लिए सभी बच्चों को नए कपड़े,मिठाई,एवं नमकीन दिलाया। जिसमें नवागांव बुड़ेनी के 62 बच्चे एवं नेकी की कुटिया के 28 बच्चे थे। आज इन बच्चों की खुशी का कोई ठिकाना नहीं था जो देख पा रहे थे वे अपनी पसंद से कपड़े छांट-छांट कर ले रहे थे। इन बच्चों की खुशी को देखकर हर उपस्थित की आंखें भर आईं।

संस्था के संस्थापक राजू काबरा ने बताया कि ये बच्चे समाज की मुख्यधारा से कटे हुए हैं। ये भी ईश्वर की संतान हैं। भले ही बोल ,देख ,सुन नही पाते पर दिल तो इनमें भी है,इनकी भी तम्मन्ना होती होगी कि त्योहार में ये भी नए कपड़े पहनते,मिठाई खाते, ओर वास्तव में यही दिन दुखियों की सच्ची सेवा है, इससे ऊपर वाला दीनानाथ प्रसन्न होते हैं और हमें भी आत्मिक सुख की प्राप्ति होती है। श्री काबरा ने बताया कि यह सब सेवा नगरवासी एवं अंचलवासियों के सहयोग से किया जाता है,जैसे ही दीपावली त्योहार नजदीक आता है बोलने वाले बच्चे बोल उठते है भैया हमे नए कपड़े दिला दो ना तब आंखों में यह सुनकर आंसु आ जाते है।

ये रहे उपस्थित- इस अवसर पर संतोष अग्रवाल,रूपेंद्र चन्द्राकर ,कविता इसरानी,सरिता सिंग, मोहिनी साहू ,सुरेश काबरा,गोविंद ,दीपेश,प्रवेश राजपाल, नारायण उपस्थित थे। इन बच्चों ने हनुमान चालीसा,तीन बाणधारी ,राम राम जप गाकर इस माहौल को खुशनुमा बना दिया। साथ ही इन बच्चों की देख रेख करने वाली सेवा संकल्प संस्थान नवागांव बुडेनी से सुनीता साहू,रूपल शर्मा,अनिता,पूजा साहू ,योशिता गोस्वामी ,संध्या साहू इन बच्चों को लेकर आई थी।

पिपरहट्टा के शिक्षक अनवर को मिला 'समाजदीप रत्न सम्मान-2026'

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव (कोरासी)/ पाटसिवनी।



ग्राम पिपरहट्टा निवासी एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय भरूवामुड़ा-कनसिंघी छुरा में पदस्थ शिक्षक मोहम्मद अनवर को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्यों के लिए 'समाजदीप रत्न सम्मान-2026' से सम्मानित किया गया।

- शैक्षिक नवाचार, बाल केंद्रित शिक्षा और रचनात्मक गतिविधियों के लिए राज्य स्तरीय सम्मान

शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी द्वारा 26 अक्टूबर को रायपुर के सिविल लाइन स्थित वृंदावन हॉल में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया।

शिक्षक मोहम्मद अनवर को यह सम्मान दुर्ग के सांसद विजय बघेल एवं रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू के हाथों प्राप्त हुआ। उनके शैक्षिक नवाचार, बाल केंद्रित शिक्षा, खेलों को प्रोत्साहन देने तथा रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों की पढ़ाई को सरल और रुचिकर बनाने के प्रयासों को देखते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने उनके नवाचारों की जानकारी ली और राजभाषा में बच्चों को सरल तरीके से शिक्षा प्रदान करने के प्रयासों की सराहना की। समारोह में संस्था के संस्थापक संजय कुमार मैथिल एवं अध्यक्ष मीना भारद्वाज ने संस्था के कार्यों और उपलब्धियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। शिक्षक मोहम्मद अनवर की इस उपलब्धि पर साथी शिक्षक पुरानिक नागेश, वीरेंद्र कौशिक, संदीप अवस्थी, पवन कौशिक, यूनुस खान, असलम कुरैशी, पवन साहू, ओमप्रभा साहू, टेकेश्वर परगनिहा एवं शरीफ कुरैशी सहित ग्राम पंचायत भरूवामुड़ा की सरपंच यमुना मरकाम, उपसरपंच राधेश्याम नेताम, भीखम मरकाम, नेतूराम नेताम एवं संतराम नेताम ने भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।



बारिश होने पर धान सहित अन्य फसलों को होगा नुकसान

अर्नब तूफान के बादल आसमान पर जमाया डेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर



बंगाल की खाड़ी मे उठने वाले चक्रवाती तूफान अर्नब के 28 अक्टूबर को आंध्रप्रदेश के तट से टकराने से पहले ही आसमान मे बादल पहुंचे और डेरा जमा लिया। वहीं पर दिनभर हवाओं के तेज चलने का एहसास भी लोग करते रहे। मौसम विभाग ने जानकारी देकर लोगों को अलर्ट रहने को कहा है। धान की फसलों को तूफान से खतरा है। किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें दिख रही हैं। किसान कभी आसमान की ओर निहारता है तो कभी अपने खेतों की ओर। मौसम के जानकर बताते हैं कि प्रदेश मे सभी जिलो मे भारी बारिश हो ऐसा आवश्यक नहीं है। कहीं कही किसी जिले मे हल्की से तेज बारिश होगी और तेज हवाये चल सकती है।किसानों को डर जरूर है। कुछ किसानों का कहना है कि हल्की फुल्की बारिश से ज्यादा नुकसान नहीं होगा लेकिन ओल गिर गये तो फसलों को भारी नुकसान पहुंचेगा। हरूना किस्म की धान की फसलें पककर पूरी तरह से तैयार हैं और कहीं कहीं कटाई कार्य भी चल रहा है।

सुरक्षा का रखें खास ध्यान- 27 अक्टूबर को नगर सहित अंचल मे सफेद बादलों का क्रम छाने लगे थे जो शाम तक हल्के काले बादलों के रूप मे परिवर्तित हो गए। लोगों ने अनुमान लगाया था कि बारिश होगी, पर नहीं होने से राहत की सांस ली। मौसम वैज्ञानिकों ने कहा है कि तूफान से डरने की जरूरत नहीं है बल्कि अपनी सुरक्षा का विशेष ख्याल रखना होगा। तेज हवाएं चले तो यदि जरूरी न हो तो यात्रा स्थिगित करे। अपने अपने घरों मे रहे। किसी पेड़ के नीचे खड़े न हो। जर्जर भवन एवं मकानों की ओर न जाये।

